भोजपाल
स्वदेश भोपाल, 27 जून 2018 .2

गांवों में चला रहे स्वच्छता अभियान

« स्वदेश संवाददाता। भोपाल

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिए स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप के तहत एनएसएस वालंटियर्स गांवों को गोद लेकर लगातार गतिविधियां आयोजित कर रहे हैं हमीदिया कालेज के छात्रों ने ग्राम हिनोति सड़क में हाथ धुलाई, व्यक्तिगत स्वच्छता, ओडीएफ जागरूकता के लिए नारालेखन, परिचर्चा,डोर टू डोर सर्वेक्षण किया। वालेंटियर्स ग्राम में पौध-रोपण कर एक वाटिका के निर्माण में भी सहयोग कर रहे हैं जिससे क्यारी बनाकर छायादार एवं फलदार पौधे रोपित करेंगे ?। छात्रों के द्वारा 31 जुलाई 2018 तक सौ घंटे श्रमदान करने के पश्चात मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा दो क्रेडिट पॉइंट एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर सरपंच श्री नागर, जिला संगठक डॉ. आर एस एस नरवरिया, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आर पी शाक्य सहित शुभम चौहान, राहुल तिवारी, गब्बर सिंह, दानिश, कुलदीप, टीकाराम, अंकुर, विनोद,हर्ष एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

2 भोपाल, बुधवार, 6 जून, 2018

नवभारत

पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

पर्यावरण दिवस के मौके पर कलचुरी सेना जहाज पार्क में 21 पौधे लगाकर पर्यावरण जागरुकता का संदेश दिया.

चलाया स्वच्छता अभियान-विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महा विद्यालय एनएसएस के छात्रों ने काली मंदिर घाट भोजपुरा पर स्वच्छता अभियान चलाया एवं जल प्रदूषण , वायु प्रदूषण के बारे में लोगों को अवगत कराया साथ ही सभी आम जनों को यह बात समझाई कि अपने आसपास स्वच्छता रखें पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाएं.

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार
स्थापना वर्ष :2009

छात्रों को स्वच्छता का महत्व और गंदगी से फैलने वाली बीमारियों के बारे में दी जानकारी

एनएसएस वालंटियर्स कर रहे पौधरोपण के लिए जागरूक

यंग रिपोर्टर • आईएम भोपाल
iambhopalofficial@gmail.com

शासकीय हमीदिया कला और वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के वालेंटियर्स ने स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप के तहत ग्राम हिनोति सड़क में पौधारोपण कर एक वाटिका के निर्माण में सहयोग किया, इसी के साथ छात्रों ने स्कूली बच्चों को हाथ धुलाई, व्यक्तिगत स्वच्छता, शौचालय के निर्माण के लिए डोर-टू-डोर सर्वेक्षण किया ।

स्कूल में छात्रों को स्वच्छता का महत्व और गंदगी से फैलने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी भी प्रदान की।'सूखी धरती करे पुकार, वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार' और एक वृक्ष सौ पुत्र समान जैसे उद्घोष के साथ पंचायत परिसर में फलदार, छायादार और औषधीय महत्व के पौधों का रोपण कर ग्रामीण जनों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

अभियान में जिला संगठक डॉ. आरएस नरवरिया, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरपी शाक्य, वालेंटियर्स शुभम चौहान सहित आशुतोष मालवीय, दानिश,हर्ष, आशीष, अंकुर, गणेश और सरपंच नागर ने सहयोग किया।

city भास्कर
BHOPAL WEDNESDAY, 11/07/2018

इंटर्नशिपः गांव जाकर स्टूडेंट्स ने बताया पौधों का महत्व

हमीदिया कॉलेज के स्टूडेंट्स पहुंचे हिनोतिया गांव

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के एनएसएस वॉलेन्टियर्स ने स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप के अंतर्गत हिनोतिया गांव में पौधरोपण किया। स्टूडेंट्स ने स्कूली बच्चों को हैंड वाशिंग, पर्सनल हाईजीन, टॉयलेट क्लीनलीनेस के बारे में बताया और डोर टू डोर सर्वेक्षण कर गांव के लोगों की समझ का आंकलन किया। इस अवसर पर 'सूखी धरती करे पुकार, वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार' और 'एक वृक्ष सौ पुत्र समान' जैसे कोटेशंस भी गांव में गूंजते नजर आए। पौधरोपण एक्टिविटी में स्टूडेंट्स ने फलदार, छायादार एवं औषधीय महत्व के पौधों के बारे में भी बताया।

इस अवसर पर अभियान में जिला संगठक डॉ. आरएस नरवरिया, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरपी शाक्य, वालेंटियर्स शुभम चौहान सहित आशुतोष मालवीय, दानिश, हर्ष, आशीष, अंकुर, गणेश और सरपंच शामिल रहे।

city भास्कर
BHOPAL WEDNESDAY, 11/07/2018

इंटर्नशिपः गांव जाकर स्टूडेंट्स ने बताया पौधों का महत्व

हमीदिया कॉलेज के स्टूडेंट्स पहुंचे हिनोतिया गांव

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के एनएसएस वॉलेन्टियर्स ने स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप के अंतर्गत हिनोतिया गांव में पौधरोपण किया। स्टूडेंट्स ने स्कूली बच्चों को हैंड वाशिंग, पर्सनल हाईजीन, टॉयलेट क्लीनलीनेस के बारे में बताया और डोर टू डोर सर्वेक्षण कर गांव के लोगों की समझ का आंकलन किया। इस अवसर पर 'सूखी धरती करे पुकार, वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार' और 'एक वृक्ष सौ पुत्र समान' जैसे कोटेशंस भी गांव में गूंजते नजर आए। पौधरोपण एक्टिविटी में स्टूडेंट्स ने फलदार, छायादार एवं औषधीय महत्व के पौधों के बारे में भी बताया।

इस अवसर पर अभियान में जिला संगठक डॉ. आरएस नरवरिया, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरपी शाक्य, वालेंटियर्स शुभम चौहान सहित आशुतोष मालवीय, दानिश, हर्ष, आशीष, अंकुर, गणेश और सरपंच शामिल रहे।

शास. हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय,
राष्ट्रीय

शास. माध्य. शाला हिनौती सड़क
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
राष्ट्रीय सेवा योजना
स्वच्छ भारत

शास. हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल
राष्ट्रीय सेवा योजना
स्वच्छ भारत

शास. हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल
राष्ट्रीय सेवा योजना
स्वच्छ भारत
समर इंटर्नशिप कार्यक्रम-2018
युवाओं द्वारा 100 घंटे श्रमदान का स्वच्छता कार्यक्रम

यूजीसी देगा सौ घंटे श्रमदान पर दो क्रेडिट पॉइंट...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय सेवा योजना हमीदिया कॉलेज द्वारा स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिए स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप के तहत एनएसएस वालंटियर्स गांवों को गोद लेकर लगातार गतिविधियां आयोजित कर रहे हैं।

हमीदिया कॉलेज के छात्रों ने ग्राम हिनोति सड़क में हाथ धुलाई, व्यक्तिगत स्वच्छता, ओडीएफ जागरूकता के लिए नारा लेखन, परिचर्चा, डोर टू डोर सर्वेक्षण किया। वालेंटियर्स ग्राम में पौध-रोपण कर एक वाटिका के निर्माण में भी सहयोग कर रहे हैं।छात्रों के द्वारा 31 जुलाई तक सौ घंटे श्रमदान करने के बाद मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा दो क्रेडिट पॉइंट एवं सर्टिफिकेट दिए जाएंगे।

हमीदिया कॉलेज के छात्र ग्रामीण लोगों को कर रहे जागरुक